(46)

विश्व साइकिल दिवस पर जागरूकता रैली

जालोर। राजेन्द्र सूरि कुंदन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को विश्व साइकिल दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं व महाविद्यालय परिवार के कार्मिकों ने जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़ ने कहा कि साइकिल चलाओ रोग भगाओ व प्रत्येक व्यक्ति को साइकिल चलानी चाहिए। नियमित रूप से साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ, तंदुरूस्त व निरोगी बना रहता हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने बताया कि साइकिल चलाना सेहत के लिए लाभदायक ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्तम माध्यम हैं। जिसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक कलाकार रतन दास संत द्वारा गणपति वंदना, गुरु महिमा सहित बायोसा की महिमा के भजनों कि प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, पुस्तकालयाध्यक्ष रामेश्वर लाल नोगिया, दिनेश कुमार, श्री शंकर लाल माली, श्री सुमित दवे, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर 05.06.2023

कॉलेज में मनाया साइकिल दिवस

जालोर. राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को विश्व साइकिल दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं एवं महाविद्यालय परिवार के कार्मिको ने साइकिल रैली निकाली। प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़ ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को साईकिल चलानी चाहिए, नियमित रूप से साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ, तन्दुरूस्त व निरोगी बना रहता हैं। इस मौके प्रभारी डॉ. पीपाराम सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चैधरी, पुस्तकालयाध्यक्ष रामेश्वर लाल नोगिया, दिनेश कुमार, शंकरलाल माली, सुमित दवे, पुष्पा देवी, रतन लाल, बुद्ध सिंह, सुरेश विराश, गिरिश दहिया सहित स्टॉफ मौजूद था।

जालोर पत्रिका
05.06.2023

शपथ • जिलेभर में लगे जागरूकता शिविर, निबन्ध और पोस्टर प्रतियोगिता हुई, स्काउट का जिला मुख्यालय पर चल रहा शिविर

विश्व धूम्रपान दिवस : नशे को लेकर आमजन को किया जागरूक, नशा नहीं करने की दिलाई शपथ

भास्कर न्यूज | जालोर

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को विश्व तम्बाकू दिवस एवं विश्व पर्यावरण संरक्षण के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं एवं महाविद्यालय परिवार के कार्मिकों ने तम्बाकू उत्पादों का सेवन एवं धूम्रपान नहीं करने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़ ने कहा कि युवाओं में बढ़ रहे नशे की प्रवृति बहुत ही चिंताजनक है। वर्तमान में देश में हर चार सैकंड में एक मौत धूम्रपान के कारण हो रही है।

जिससे भयावक स्थिति बनी हुई है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने विभिन्न कम्पनियों के लुभावने तम्बाकू के विज्ञापनों पर रोक लगाने की अपील की तथा बताया कि नशा नाश की जड़ हैं। नशा करने से परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बुरी तरह से प्रभावित होती है एवं तम्बाकू से कैंसर रोग होने से लाखों युवा अकाल मौत मर रहे है। तम्बाकू का उपयोग नहीं करे इससे अपने परिवार को बचाएं। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, पुष्पा देवी, सुरेश कुमार, सरोज राजपुरोहित, कविता सोलंकी एवं छात्राएं उपस्थित रही।

इधर, राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जालोर के तत्वावधान में आयोजित 39 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर राउप्रावि हनुमानशाला जालोर में संचालित किया जा रहा है। शिविर में बुधवार को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि आनन्द सिंह राठौड़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी थे। अध्यक्षता कस्तुराराम बामनिया अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने की। निबन्ध, पोस्टर प्रतियोगिता हु ई। मुख्य अतिथि आनन्द सिंह राठौड़ ने कहा कि नशा कोई भी हो नहीं करना चाहिए। सी.ओ. स्काउट एमआर वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे से ग्रसित हो रही है। उनको समय रहते नशे से बचाना आवश्यक है। अतिथियों का आभार सी.ओ. गाइड मधु कुमारी ने किया। अतिथियों ने ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन किया। निबन्ध प्रतियोगिता में दिव्या प्रजापत प्रथम, आकांक्षा कुमारी द्वितीय और टीना सुदेशा तृतीय रही। पोस्टर में श्वेता कुमारी प्रथम, भाग्यवंती गोस्वामी द्वितीय और उर्मिला गोस्वामी तृतीय स्थान पर रही।

जालोर. धूम्रपान दिवस पर प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

भीनमाल में लगा जागरूकता शिविर

भीनमाल| राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला जज राजेंद्र साहू के निर्देशन में पैरा लीगल वॉलेंटियर की ओर से नगरपालिका परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पीएलवी सुरेश कुमार ने महंगाई राहत कैंप स्थल पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पीएलवी ने बताया कि किसी भी प्रकार से तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त नहीं है। कई गंभीर बीमारियों को तंबाकू सेवन, धूम्रपान आदि न्यौता देते है। पीएलवी ने कहा कि सार्वजनिक स्थल जैसे अस्पताल सभा भवन, विद्यालय, बाग बगीचे, मनोरंजन केंद्र आदि जगह पर तंबाकू सेवन कर गंदगी फैलाना, दीवारों के ऊपर गुटके खाकर थूकना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। ऐसा करते पाए जाने पर 200 का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। 18 वर्ष के कम आयु वाले लोगों को तंबाकू बेचने पर कानूनी तौर पर प्रतिबंध है और तंबाकू का धुआं वायु प्रदूषण के लिए खतरा बनता है।

मेहमानों को परोसते है तंबाकू या अफीम

पावटा| जिला प्रशासन व विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ग्राम पंचायत डोडियाली व क्लदरा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर सरपंच बलाराम देवासी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद लोगों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान पीएलवी रमेश कुमार बेदाना ने कहा कि आमजन को वर्तमान में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति को कम करने के लिए विश्व स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। ज्यादातर युवा वर्ग इस प्रवृत्ति में शामिल हो रहे हैं और इस कारण से कैंसर के रोगी बढ़ते जा रहे हैं। ज्यादातर ग्रामीण परिवेश के लोग यह सोचते है कि तंबाकू का सेवन उनकी संस्कृति से जुड़ा है।

नशे से शरीर को होने वाले नुकसान की जानकारी दी

सांचौर| विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर बुधवार को शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेबारियों का गोलियां में संचालित कौशल विकास एवं अभिरूचि प्रशिक्षण शिविर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन विधिक सेवा समिति सांचौर के अध्यक्ष हरीश कुमार की मौजूदगी में किया गया। जिसमें तालुका समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। साथ ही उन्होंने नशे से शरीर को होने वाले नुकसान की जानकारी दी। वही उन्होने

आमजन से अपील करते हुए कहा कि स्वयं किसी प्रकार का नशा नहीं करे और अपने परिवार, पडौस के लोगों को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें।

दैनिक भास्कर 01.06.2023

जिससे भयावक स्थिति बनी हुई है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने विभिन्न कम्पनियों के लुभावने तम्बाकू के विज्ञापनों पर रोक लगाने की अपील की तथा बताया कि नशा नाश की जड़ हैं। नशा करने से परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बुरी तरह से प्रभावित होती है एवं तम्बाकू से कैंसर रोग होने से लाखों युवा अकाल मौत मर रहे है। तम्बाकू का उपयोग नहीं करे इससे अपने परिवार को बचाएं। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, पुष्पा देवी, सुरेश कुमार, सरोज

प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि आनन्द सिंह राठौड़ ने कहा कि नशा कोई भी हो नहीं करना चाहिए। सी.ओ. स्काउट एमआर वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे से ग्रसित हो रही है। उनको समय रहते नशे से बचाना आवश्यक है। अतिथियों का आभार सी.ओ. गाइड मधु कुमारी ने किया। अतिथियों ने ग्रीष्मकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन किया। निबन्ध प्रतियोगिता में दिव्या प्रजापत प्रथम, आकांक्षा कुमारी द्वितीय और टीना सुन्देशा तृतीय रही। पोस्टर में श्वेता कुमारी प्रथम, भाग्यवंती गोस्वामी द्वितीय और उर्मिला गोस्वामी तृतीय स्थान पर रही।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला जज राजेंद्र साहू के निर्देशन में पैरा लीगल वॉलेंटियर की ओर से नगरपालिका परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पीएलवी सुरेश कुमार ने महंगाई राहत कैंप स्थल पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पीएलवी ने बताया कि किसी भी प्रकार से तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त नहीं है। कई गंभीर बीमारियों को तंबाकू सेवन, धूम्रपान आदि न्यौता देते है। पीएलवी ने कहा कि सार्वजनिक स्थल जैसे अस्पताल सभा भवन, विद्यालय, बाग बगीचे, मनोरंजन केंद्र आदि जगह पर तंबाकू सेवन कर गंदगी फैलाना, दीवारों के ऊपर गुटके खाकर थूकना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। ऐसा करते पाए जाने पर 200 का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। 18 वर्ष के कम आयु वाले लोगों को तंबाकू बेचने पर कानूनी तौर पर प्रतिबंध है और तंबाकू का धुआं वायु प्रदूषण के लिए खतरा बनता है।

इस दौरान पीएलवी रमेश कुमार बेदाना ने

नशे से शरीर को होने वाले नुकसान की जानकारी दी

सांचौर। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर बुधवार को शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेबारियों का गोलियां में संचालित कौशल विकास एवं अभिरूचि प्रशिक्षण शिविर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन विधिक सेवा समिति सांचौर के अध्यक्ष हरीश कुमार की मौजूदगी में किया गया। जिसमें तालुका समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। साथ ही उन्होंने नशे से शरीर को होने वाले नुकसान की जानकारी दी। वही उन्होने

आमजन से अपील करते हुए कहा कि स्वयं किसी प्रकार का नशा नहीं करे और अपने परिवार, पडौस के लोगों को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें।

दैनिक भास्कर 01.06.2023

धूम्रपान नहीं करने की शपथ ली

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

जालोर. राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को विश्व तम्बाकू दिवस एवं विश्व पर्यावरण संरक्षण के तहत पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं एवं महाविद्यालय परिवार के कार्मिको ने तम्बाकू उत्पादों का सेवन एवं धूम्रपान नहीं करने की शपथ ली। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एमएल जांगिड़ ने कहा कि युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृति बहुत ही चिन्ताजनक है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम ने कहा कि नशा नाश की जड़ है। इस मौके सहायक आचार्य डॉ. वगताराम चौधरी, दिनेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

सांचौर. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष व जिला एवं सैशन न्यायाधीश हारून के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति सांचौर के अध्यक्ष हरीश कुमार द्वारा बुधवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेबारियों का गोलियां में संचालित कौशल विकास एवं अभिरूचि प्रशिक्षण शिविर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तालुका समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य तंबाकू सेवन के व्यापक प्रसार एवं नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है।

आहोर. जिला प्रशासन व विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ग्राम पंचायत डोडियाली व वलदरा में बुधवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन को शपथ दिलाकर नशा प्रवृत्ति को लेकर जागरुक किया गया। डोडियाली में शिविर की अध्यक्षता सरपंच बलाराम देवासी ने की। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी रमेश कुमार बेदाना ने बताया कि विश्व में नशे की प्रवृत्ति से कई लोग अनेक बीमारियों से ग्रसित है।

जालोर पत्रिका 01.06.2023

पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाताओं का नाम जोड़ना सुनिश्चित करें : निर्वाचन अधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर दिए निर्देश

भास्कर न्यूज | जालोर

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को डीओआईटी सभागार में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी निशान्त जैन ने कहा कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने से शेष रहे मतदाताओं के साथ ही पात्र नव मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना सुनिश्चित करें। साथ ही 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन, महिलाओं, ट्रांसजेंडर, 80 वर्ष से अधिक आयु वृद्धजन एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के मतदाताओं का विशेष रूप से मतदाता सूची में नाम प्रविष्ट करने की बात कही। इसके अलावा सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थाओं में कैंप आयोजित कर 18-19 आयु वर्ग के नवयुवक छात्र-छात्राओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था फर्नीचर, हेल्प डेस्क, बिजली, रैम्प, संकेतक, शौचालय, पानी इत्यादि की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, जालोर उपखंड अधिकारी दौलतराम चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही वीसी के माध्यम से जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

जालोर. बैठक में मौजूद अधिकारी।

डॉ. पीपाराम (EAFM) ने Meeting में भाग लिया।

01.06.2023.

जालोर भास्कर